1

राष्ट्रीय
www.samaylive.com
सच कहने की हिम्मत
सहारा
राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण

• गोरखपुर • पटना • कानपुर • देहरादून • वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली। बुधवार • 16 दिसम्बर • 2015

दिखने लगा क्राइटेरिया में छूट का असर

राकेश नाथ/एसएनबी

नर्सरी एडमिशन

- पैरेंट्स ग्रेजुएट्स तो बच्चों के दाखिले मिलेंगे प्वाइंट्स
- क्रिश्चियन कैटेगरी के लिए 50 प्वाइंट्स

नई दिल्ली। राजधानी के गैर सहायता प्राप्त पब्लिक स्कूलों को सेशन 2016-17 के नर्सरी दाखिले में क्राइटेरिया में छूट जारी रहने का असर दिखने लगा है। लिहाजा स्कूलों ने मन मुताबिक प्वाइंट्स और दाखिले का तरीका तय करना शुरू कर दिया है। मंगलवार को तीस हजारी स्थित क्वीन मैरीज स्कूल ने नर्सरी दाखिले का क्राइटेरिया घोषित कर दिया। उधर नर्सरी एडमिशन डॉटकॉम के संयोजक सुमित वोहरा ने बताया कि होप हाल फाउंडेशन स्कूल ने दाखिले में 150 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस तय की है। साथ ही अभिभावकों के साथ दाखिले से पहले इंटरेक्शन की भी घोषणा की है, जबकि सरकार के नियम के तहत आवेदन के लिए 25 रुपए से ज्यादा शुल्क नहीं लिया जा सकता।

तीस हजारी स्थित क्वीन मैरीज स्कूल ने नेबरहुड के कुल 25 प्वाइंट्स रखे हैं। 0 से 9 किलोमीटर के लिए स्कूल ने 25 प्वाइंट्स, 8 से 10 किलोमीटर तक के 10 प्वाइंट्स रखे हैं, जबकि इससे अधिक दूर वालों पर मेहरबानी करते हुए उन्हें 15 प्वाइंट्स दिये हैं। लिहाजा 10 किलोमीटर से ज्यादा और 15 किलोमीटर वालों को ज्यादा प्वाइंट्स मिलेंगे। स्कूल ने सिबलिंग के लिए 5, पिता ग्रेजुएट है तो 2.5 और मां ग्रेजुएट है तो 2.5 प्वाइंट्स मिलेंगे। एल्युमनी को 5 प्वाइंट्स मिलेगा। शर्त यह है कि अभिभावक स्कूल से दसवीं या बारहवीं कर चुके हों। स्कूल ने सिंगल पेरेंट्स के लिए 5 प्वाइंट्स रखे हैं। स्कूल में जनरल कैटेगरी की कुल 237 सीटें हैं। इसी तरह नर्सरी दाखिले के लिए सेंट माइकल स्कूल पूसा रोड, कैम्ब्रिज स्कूल न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी व निर्मल भारती स्कूल द्वारका ने भी अपना शेड्यूल घोषित कर दिया है। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रमा पाठक ने बताया कि स्कूल इस बार भी नेबरहुड को तरजीह देगा। लेकिन अभी क्राइटेरिया तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार क्राइटेरिया में नेबरहुड, सिबलिंग, गर्ल चाइल्ड के प्वाइंट्स रखा जाएगा। इसके अलावा एल्युमनी के प्वाइंट्स भी रखा जा सकता है। स्कूल के निदेशक सोमेश पाठक ने बताया कि हम बीते दो साल के आवेदनों का हिसाब देख रहे हैं कि किस कैटेगरी में कितने आवेदन आये थे, लिहाजा उसी हिसाब से प्वाइंट्स तय किये जाएंगे।

पब्लिक स्कूलों के एक संगठन ने तय किया कॉमन क्राइटेरिया : राजधानी में नर्सरी स्कूलों द्वारा अलग-अलग स्तर पर क्राइटेरिया बनाया जा रहा है लेकिन संगठन स्तर पर भी कॉमन प्वाइंट्स तय किए गए है। फेडरेशन ऑफ पब्लिक स्कूल ने नर्सरी दाखिले की क्राइटेरिया तय कर दिया है। फेडरेशन के अध्यक्ष आरपी मलिक ने बताया कि फेडरेशन ने करीब 350 सदस्य स्कूलों के लिए कॉमन क्राइटेरिया तय किया है। जिसके तहत नेबरहुड के लिए 40 प्वाइंट्स, सिबलिंग के लिए 20 प्वाइंट्स और एल्युमनी के लिए 10 प्वाइंट्स तय कर दिये हैं, जबकि बाकी के 30 प्वाइंट्स को स्कूलों के विवेक पर छोड़ दिया गया है। स्कूल अपने स्तर पर प्वाइंट्स तय कर सकेंगे।